भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2593**

दिनांक 19.12.2023 को उत्तरार्थ

**ई-पंचायत सुविधा**

**2593. डॉ. उमेश जी. जाधव:**

**श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पंचायतों के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए देश में ई-पंचायत सुविधा कार्यान्वित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो देश में ई-पंचायतों के संबंध में वर्तमान स्थिति और प्रगति क्या है;

(ग) कर्नाटक में डिजिटलीकरण के लिए जिला-वार कितनी पंचायतों का चयन किया गया है;

(घ) झारखंड, कर्नाटक में जिला-वार कितनी पंचायतें पहले से ही डिजिटाइज की जा चुकी हैं; और

(ङ) देश में सभी पंचायतों के डिजिटलीकरण के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**

**(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)**

(क) से (ङ) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत, मंत्रालय पंचायतों को स्थानीय स्वशासन के रूप में अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई-पंचायत मिशन मोड प्रोजेक्ट (एमएमपी) लागू कर रहा है। पूर्व की उपलब्धियों के आधार पर, मंत्रालय ने 24 अप्रैल, 2020 को ई-पंचायत एमएमपी के

तहत पंचायतों के लिए एक कार्य-आधारित व्यापक एप्लिकेशन ईग्रामस्वराज लॉन्च किया। यह एप्लिकेशन ऑनलाइन भुगतान सहित एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंचायत के कामकाज के सभी पहलुओं जैसे आयोजना, बजटन, लेखांकन, निगरानी, परिसंपत्ति प्रबंधन आदि को शामिल करता है। अब तक, 2.50 लाख ग्राम पंचायतों ने वर्ष 2023-24 के लिए अपनी ग्राम पंचायत विकास योजनाएं (जीपीडीपी) तैयार कर अपलोड कर दी हैं। इसके अलावा, 2.33 लाख ग्राम पंचायतों ने 2023-24 के लिए 15वें वित्त आयोग अनुदान के लिए ऑनलाइन लेनदेन को पूरा कर लिया है। झारखंड और कर्नाटक सहित ई-ग्रामस्वराज को राज्यवार अपनाने की जानकारी **अनुबंध-I** में दी गई है।

डिजिटल इंडिया के विजन को प्राप्त करने के लिए, देश में सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने हेतु नेटवर्क बनाने के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से भारतनेट परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। देश में भारतनेट परियोजना के तहत अब तक 2,10,181 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया जा चुका है। 30.06.2021 को भारतनेट का दायरा देश में ग्राम पंचायतों से परे सभी बसे हुए गांवों तक बढ़ा दिया गया है। दूरसंचार विभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारतनेट परियोजना दिसंबर 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। झारखंड और कर्नाटक सहित सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा **अनुबंध- II** में दिया गया है।

***

**अनुबंध-I**

**'ई-पंचायत सुविधा' के संबंध में दिनांक 19.12.2023 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2593 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संदर्भित अनुबंध**

**वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पंचायत स्तर पर ई-ग्रामस्वराज को अपनाना**

| क्र.सं | राज्य का नाम | ग्राम पंचायतों एवं समकक्षों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान के साथ ग्राम पंचायतें एवं समकक्ष | ब्लॉक पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ब्लॉक पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान के साथ ब्लॉक पंचायतें | जिला पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड जिला पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान के साथ जिला पंचायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13325 | 12997 | 10794 | 660 | 659 | 600 | 13 | 13 | 13 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 2091 | 1321 | 0 | 0 | 0 | 25 | 25 | 22 |
| 3 | असम | 2662 | 2197 | 2184 | 191 | 191 | 191 | 30 | 27 | 27 |
| 4 | बिहार | 8176 | 8175 | 7907 | 534 | 534 | 522 | 38 | 38 | 38 |
| 5 | छत्तीसगढ | 11655 | 11654 | 10821 | 146 | 146 | 145 | 27 | 27 | 27 |
| 6 | गोवा | 191 | 191 | 65 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 2 |
| 7 | गुजरात | 14625 | 14328 | 13133 | 248 | 248 | 248 | 33 | 33 | 33 |
| 8 | हरियाणा | 6226 | 6205 | 5353 | 143 | 143 | 110 | 22 | 22 | 21 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 3612 | 3437 | 81 | 81 | 80 | 12 | 12 | 12 |
| 10 | झारखंड | 4345 | 4344 | 4336 | 264 | 264 | 261 | 24 | 24 | 24 |
| 11 | कर्नाटक | 5955 | 5955 | 5872 | 233 | 232 | 169 | 31 | 31 | 27 |
| 12 | केरल | 941 | 941 | 882 | 152 | 152 | 131 | 14 | 14 | 13 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 23032 | 22999 | 21719 | 313 | 313 | 303 | 52 | 52 | 51 |
| 14 | महाराष्ट्र | 27619 | 27531 | 24592 | 351 | 351 | 339 | 34 | 34 | 34 |
| 15 | मणिपुर | 3812 | 161 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 | 6 | 3 |

| क्र.सं | राज्य का नाम | ग्राम पंचायतों एवं समकक्षों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान के साथ ग्राम पंचायतें एवं समकक्ष | ब्लॉक पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड ब्लॉक पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान के साथ ब्लॉक पंचायतें | जिला पंचायतों की कुल संख्या | ऑनबोर्ड जिला पंचायतें | ऑनलाइन भुगतान के साथ जिला पंचायतें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | मेघालय | 6760 | 0 | 0 | 2240 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 |
| 17 | मिजोरम | 834 | 834 | 75 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 1293 | 120 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | ओडिशा | 6798 | 6798 | 6751 | 314 | 314 | 314 | 30 | 30 | 29 |
| 20 | पंजाब | 13241 | 13202 | 10742 | 152 | 151 | 132 | 22 | 22 | 20 |
| 21 | राजस्थान | 11251 | 11244 | 10842 | 362 | 352 | 350 | 33 | 33 | 33 |
| 22 | सिक्किम | 199 | 183 | 176 | 0 | 0 | 0 | 6 | 4 | 4 |
| 23 | तमिलनाडु | 12525 | 12524 | 12311 | 388 | 388 | 386 | 36 | 36 | 36 |
| 24 | तेलंगाना | 12769 | 12767 | 12740 | 540 | 540 | 436 | 32 | 32 | 31 |
| 25 | त्रिपुरा | 1178 | 1178 | 1174 | 75 | 75 | 73 | 9 | 9 | 9 |
| 26 | उत्तराखंड | 7794 | 7793 | 7718 | 95 | 95 | 94 | 13 | 13 | 13 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 57915 | 57910 | 57344 | 826 | 826 | 819 | 75 | 75 | 75 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 3227 | 3225 | 345 | 336 | 334 | 22 | 21 | 21 |
| **कुल** | | **264183** | **251161** | **235514** | **8653** | **6391** | **6037** | **650** | **638** | **618** |

**अनुबंध-II**

**'ई-पंचायत सुविधा' के संबंध में दिनांक 19.12.2023 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2593 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संदर्भित अनुबंध**

**सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण**

| क्र.सं | राज्य का नाम | कुल जीपी/टीएलबी | सेवा के लिए तैयार जीपी/टीएलबी | ऑपरेशनल जीपी/टीएलबी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 70 | 81 | 55 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13325 | 12198 | 2994 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 1011 | 184 |
| 4 | असम | 2197 | 1640 | 473 |
| 5 | बिहार | 8174 | 8860 | 2903 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 11656 | 9759 | 1446 |
| 7 | गोवा | 191 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 14376 | 14524 | 10325 |
| 9 | हरियाणा | 6220 | 6204 | 1036 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 415 | 260 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 4291 | 1113 | 445 |
| 12 | झारखंड | 4345 | 4638 | 1797 |
| 13 | कर्नाटक | 5958 | 6251 | 3144 |
| 14 | केरल | 941 | 1130 | 960 |
| 15 | लद्दाख | 193 | 193 | 50 |
| 16 | लक्षद्वीप | 10 | 9 | 1 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 23023 | 18102 | 2037 |
| 18 | महाराष्ट्र | 27894 | 24166 | 2770 |
| 19 | मणिपुर | 3818 | 1479 | 10 |
| 20 | मेघालय | 9058 | 688 | 72 |
| 21 | मिजोरम | 834 | 493 | 59 |
| 22 | नागालैंड | 1292 | 230 | 16 |
| 23 | ओडिशा | 6794 | 7099 | 3927 |
| 24 | पुदुचेरी | 108 | 101 | 95 |
| 25 | पंजाब | 13241 | 12807 | 7161 |
| 26 | राजस्थान | 11265 | 8997 | 5529 |
| 27 | सिक्किम | 198 | 54 | 12 |

| क्र.सं | राज्य का नाम | कुल जीपी/टीएलबी | सेवा के लिए तैयार जीपी/टीएलबी | ऑपरेशनल जीपी/टीएलबी |
|---|---|---|---|---|
| 28 | तमिलनाडु | 12525 | 6469 | 0 |
| 29 | तेलंगाना | 12769 | 10675 | 4953 |
| 30 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 38 | 41 | 20 |
| 31 | त्रिपुरा | 591 | 771 | 360 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 58188 | 45061 | 2125 |
| 33 | उत्तराखंड | 7796 | 2013 | 846 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 2909 | 2284 |
| **कुल** | | **270441** | **210181** | **58349** |

**** कुछ ग्राम पंचायतों में 1 से अधिक सेवा बिंदु हो सकते हैं।***

----